हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 13 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

10 भीड़ नियंत्रण-कानून व्यवस्था को लेकर...

10 प्राचीन तीर्थों और नदी पर प्रवासी पक्षियों का रहता है...


## खबर संक्षेप

### प्लाट के नाम पर पांच लाख रुपये हड़पे, केस

**जींद।** जयपुर राजस्थान में ऑनलाइन प्लाट के नाम पर एक व्यक्ति के पांच लाख रुपये हड़प लिए गए। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सैक्टर नौ निवासी हेमंत ने शिकायत में बताया कि उसने गत दो फरवरी को ऑनलाइन जयपुर राजस्थान में साइट देखी थी।

### खुराना में पेड़ से टकराई बाइक, मजदूर की मौत

**कैथल।** खुराना के पास सड़क दुर्घटना में बाइक पेड़ से टकराने से मजदूर की मौत हो गई। मजदूर बाइक से दयोरा से खुराना की ओर जा रहा था। जैसे ही खुराना के पास पहुंचा तो बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** नरवाना से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पुलिस अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नरवाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी भांजी उसके पास रह रही थी। गत 10 मार्च रात को वह घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी भांजी का कोई सुराग नही लगा है।

### कमरे में घुसकर रंजिश के चलते 3 युवकों पर हमला

**कैथल।** गांव डोहर में खेत में बने कमरे में बैठे पुरानी रंजिश के चलते 3 युवकों पर हमला कर दिया। मामले में कैथल सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में गांव ककराला गुजरान निवासी कुलदीप हाल निवासी डोहर ने बताया कि करीब 3 से 4 महीने पहले उसका जसपाल के साथ झगड़ा हुआ था।

### हत्या के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** थाना सदर जींद पुलिस ने गांव गुलकनी स्थित घोड़ा फार्म में व्यक्ति की हत्या करने के मामले में कार्रवाई करते हुए मिर्चपुर निवासी मुकेश उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया है। थाना सदर जींद के प्रभारी पीएसआई मनीष कुमार ने बताया कि थाना सदर जींद में सूचना प्राप्त हुई थी कि गुलकनी स्थित घोड़ा फार्म में सुरेंद्र उर्फ सुंदर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है।

### प्लॉट की प्रॉपर्टी आईडी अपने नाम कराई, केस

**कैथल।** चीका में दस्तावेजों से छेड़छाड़ कर एक प्लॉट की प्रॉपर्टी आईडी अपने नाम कराने मामला सामने आया है। मामले में आरोप है कि एक प्रॉपर्टी डीलर ने कागजातों में हेरफेरी कर मकान की प्रॉपर्टी आईडी नाम करवा ली। मामले में डीसी कार्यालय में शिकायत आने के बाद चीका थाना पुलिस ने आरोपी प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सीआरएसयू में उड़ान कार्यक्रम 17 मार्च को

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि में 17 मार्च को उड़ान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष रोनक खत्री मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे और विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से संवाद करेंगे।

### होटल बनवाने का झांसा देकर हड़पे लाखों रुपये

**जींद।** होटल बनवाने को झांसा देकर 18 लाख रुपये हड़पने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।गांव हथवाला निवासी प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पानीपत में होटल चलाता था।

## कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कमी से कारोबार ठप, फास्ट फूड और होटल संचालक परेशान

# सिलेंडर नहीं, चाय और समोसे को तरसे ग्राहक

### गैस एजेंसियों का ग्राहक नंबर न मिलने से उपभोक्ता हो रहे परेशान

**शिकायतों के समाधान के लिए टोल फ्री नंबर जारी किया**

- गैस एजेंसी कर्मियों के पास पहुंच कर रहे जवाब-तलबी
- गैस एजेंसी कर्मी भी नही कर पा रहे ग्राहकों को संतुष्ट
- एजेंसियों के बाहर सिलेंडर के लिए लोगों की भीड़ लगी
- प्रभावशाली लोग भी सिलेंडर के लिए सिफारिश करे रहे



जींद। सुबह के समय खुली गैस एजेंसी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एलपीजी एवं अन्य पेट्रोलियम उत्पादों से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग हरियाणा द्वारा टोल फ्री नंबर 18001802087 भी जारी किया गया है, जिस पर उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यदि कहीं भी कृत्रिम कमी पैदा करने, जमाखोरी या कालाबाजारी की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं गैस एजेंसियों के उपभोक्ता नंबर न मिलने से उपभोक्ता पैनिक हो रहे हैं। गैस उपभोक्ता गैस एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं और जवाब-तलबी कर रहे हैं लेकिन कर्मचारी उपभोक्ताओं को संतुष्ट नही कर पा रहे हैं। जिससे उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। वहीं जो उपभोक्ता पहले गैस एजेंसियों का ग्राहक नंबर पर कॉल कर अपना सिलेंडर बुक करते थे, वो अपना सिलेंडर बुक नही कर पा रहे हैं। हालांकि प्रशासन द्वारा गैस सिलेंडरों की प्रयाप्ता को लेकर बोला जा रहा है लेकिन जमीन स्तर पर ये हकीकत और ही है। वहीं शहर में इन दिनों कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी का असर अब छोटे कारोबारियों और आम उपभोक्ताओं पर भी दिखाई देने लगा है। कई दुकानों पर गैस सिलेंडर नहीं मिलने के कारण चाय, समोसा और अन्य खाद्य पदार्थों की बिक्री प्रभावित हो रही है। वीरवार को शहर के गोहाना रोड सहित कई स्थानों पर दुकानों पर चाय, समोसा और ब्रेड तक उपलब्ध नहीं हो पाए। जिससे ग्राहकों को निराश होकर लौटना पड़ा।

गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से कमर्शियल सिलिंडरों की आपूर्ति प्रभावित होने की चर्चा के बाद होटल, ढाबा और फास्ट फूड संचालकों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। सुबह से ही गैस एजेंसियों के बाहर सिलेंडर लेने के लिए लोगों की भीड़ लग रही है। कई होटल और फास्ट फूड संचालक एजेंसियों के चक्कर काटते नजर आ रहे हैं लेकिन पर्याप्त संख्या में सिलिंडर नहीं मिलने से उनका काम प्रभावित हो रहा है। गोहाना रोड पर स्थित कई चाय व नाश्ते की दुकानों पर वीरवार सुबह ग्राहकों को चाय और समोसा तक नहीं मिल पाया। दुकानदारों का कहना है कि कमर्शियल गैस सिलिंडर उपलब्ध नहीं होने के कारण वे दुकान नहीं चला पा रहे हैं। इससे उनके रोजाना के कारोबार पर भी असर पड़ रहा है। फास्ट फूड और होटल संचालकों का कहना है कि यदि जल्द ही सिलेंडरों की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हुई तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। वहीं गैस सिलेंडर को लेकर लोगों में किल्लत की आशंका भी बढ़ रही है। हालांकि घरेलू गैस सिलेंडरों का वितरण लगातार किया जा रहा है लेकिन इसके बावजूद कई लोग भविष्य में कमी की आशंका के चलते अतिरिक्त सिलेंडर लेने की कोशिश कर रहे हैं। एजेंसियों पर सुबह से ही लोगों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। कई प्रभावशाली लोग भी सिलेंडर जल्द दिलवाने के लिए सिफारिश करते नजर आ रहे हैं। उधर, प्रशासन का कहना है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति व्यवस्था सामान्य बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि उपभोक्ता किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता के अनुसार ही गैस सिलिंडर लें। फिलहाल कमर्शियल गैस सिलिंडरों की कमी का असर शहर के छोटे व्यवसायों पर साफ दिखाई दे रहा है। यदि आपूर्ति जल्द सामान्य नहीं हुई तो चाय, नाश्ता और फास्ट फूड का कारोबार करने वाले दुकानदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### आमजन घबराहट में आकर न करें अनावश्यक ईंधन का भंडारण : डीसी

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि प्रदेश में पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और एलपीजी की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग हरियाणा द्वारा आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। उपायुक्त ने बताया कि ऑयल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्तमान में पेट्रोल व डीजल की कोई कमी नहीं है तथा एलपीजी की आपूर्ति भी नियमित रूप से की जा रही है। आमजन को किसी प्रकार की घबराहट में आकर अनावश्यक रूप से ईंधन या एलपीजी का भंडारण करने की आवश्यकता नहीं है।

### कैथल में गैस, पेट्रोल एवं डीजल आपूर्ति की कोई कमी नहीं : डीसी



**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि जिले में एलपीजी गैस तथा पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति में कोई कमी नहीं है। जिस तरह से पहले गैस सहित पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति थी, उसी तर्ज पर आपूर्ति हो रही है। केवल बुकिंग के लिए ओटीपी संबंधी समस्या है, जिसके लिए मुख्यालय को सूचित करके राहत का प्रयास किया जा रहा है। आमजन को घबराने की आवश्यकता नहीं है। आमजन किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। साथ ही जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक जिले में स्टॉक की निगरानी करें और यदि कोई कालाबाजारी करते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। डीसी अपराजिता वीरवार को लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हाल में जिले में एलपीजी गैस तथा पेट्रोल-डीजल की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संबंधित विभागों के अधिकारियों और गैस एजेंसियों के संचालकों की बैठक में आवश्यक निर्देश दे रही थीं। बैठक में गैस की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था और संभावित मांग को लेकर विस्तार से चर्चा की।

### प्रतिदिन एजेंसियों पर गैस मिल रही : सैनी

सप्लाई इंचार्ज अमित सैनी ने कहा कि उपभोक्ता किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता के अनुसार ही गैस सिलिंडर लें। जिले में गैस की कोई वास्तविक कमी नहीं है और आपूर्ति व्यवस्था सामान्य है। प्रतिदिन एजेंसियों पर गैस मिल रही है।

# झुलसी एक और महिला ने तोड़ा दम

## मरने वाली महिलाओं का आंकड़ा पहुंचा दस पर

- फैक्टरी मालिक समेत तीन आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों रंग गुलाल फैक्टरी में आग लगने से झुलसी एक और महिला मजदूर की हिसार के निजी अस्पताल मे वीरवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसके साथ मरने वाली महिला मजदूरों का आंकड़ा दस तक पहुंच चुका है। सात अन्य मजदूर विभिन्न अस्पतालों में उपचाराधीन है। पुलिस ने आगजनी की घटना में फैक्टरी मालिक समेत चार लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ गैर इरादतन हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस द्वारा तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले की जांच के लिए एएसपी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया हुआ है।

### अवैध रंग गुलाल फैक्टरी का मामला

सफीदों के गीता कालोनी में अवैध रूप से चल रही रंग गुलाल की फैक्टरी में गत सात मार्च को लगी आग में झुलसी डिग्गी मोहल्ला निवासी बिमला (60) की वीरवार को हिसार के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसके साथ मरने वाली महिला मजदूरों का आंकड़ा दस पर जा पहुंचा है। पूर्व सफीदों निवासी महिला मजदूर पूजा, पिंकी, गुड्डी, ऊषा की आग में झुलसने से मौके पर मौत हो गई थी। जबकि सरिता तथा धनपति की पीजीआई रोहतक में उपचार के दौरान आठ मार्च को मौत हो गई थी।

### घटना के दौरान फैक्टरी मे थे 22 मजदूर

आगजनी की घटना के दौरान फैक्टरी में 22मजदूर थे। जिसमें 17 महिला तथा पांच पुरूष थे। चार महिला मजदूर छत से कूद कर बच निकली थी। जिसमें 13 महिलाएं तथा पांच पुरूष झुलस गए थे। झुलसी महिलाओं में से अब दस महिलाओं की मौत हो चुकी है। जबकि सात मजदूर अलग-अलग अस्पतालों में उपचाराधीन हैं।

### 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षा नकल रहित संपन्न

**जींद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित 10वीं कक्षा की विज्ञान और 12वीं कक्षा की एग्रीकल्चर और फिलासफी विषय की परीक्षा नकल रहित रही। 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 20 मार्च और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं एक अप्रैल तक होंगी। बोर्ड स्तर, एसडीएम स्तर व अन्य अधिकारियों की फ्लाइंग स्क्वाड टीमें गठित की गई हैं। इसके अलावा परीक्षा केंद्र के बाहर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी लगाई गई है जो शरारती तत्वों पर नजर बनाए हुए है। जिला प्रश्नपत्र टीम के अधीक्षक राजेंद्र कुमार सिरोहा ने कहा कि वीरवार को 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षा नकल रहित रही है। उडनदस्ता टीम परीक्षा के दौरान लगातार केंद्रों का निरीक्षण करती रहती है। परीक्षा केंद्र में प्रवेश करते समय विद्यार्थियों के एडमिट कार्ड व आधार कार्ड की जांच की जाती है।

# नाबार्ड चेयरमैन ने फरल में कैथल-करनाल के लिए ग्रामीण विकास योजनाओं को दिखाई झंडी

- महिला किसानों को सशक्त बनाने और किसान उत्पादक संगठनों को मजबूत करने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी


पूंडरी। फरल में आयोजित कार्यक्रम में इंचार्ज प्रदीप को चैक भेंट करते चेयरमैन।

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के चेयरमैन शाजी केवी ने गांव फरल में आयोजित एक कार्यक्रम में हरियाणा के कैथल और करनाल जिलों में विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं का शुभारंभ किया। इन योजनाओं का उद्देश्य महिला किसानों को सशक्त बनाना, किसान उत्पादक संगठनों को मजबूत करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के अवसर बढ़ाना है। फरल गांव में चेयरमैन ने सरसों तेल प्रसंस्करण इकाई की आधारशिला रखी और उसके बिक्री केंद्र का उद्घाटन किया। इसके साथ ही गांव में ऋण संपर्क कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें बैंकों, क्रियान्वयन एजेंसियों, किसान उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधियों और लाभार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण उद्यमों के लिए ऋण वितरण को बढ़ावा देना था। इस दौरान संयुक्त देयता समूह के सदस्यों को स्वीकृति पत्र और चेक वितरित किए गए। फरल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में निर्मित वर्षा जल संचयन संरचना भी ग्रामवासियों को समर्पित की गई।

### कुरड़ में अवैध पटाखा फैक्टरी मालिकों के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** सदर सफीदों पुलिस ने गांव कुरड़ में रिहायशी क्षेत्र के पास अवैध रूप से पटाखा फैक्टरी चलाने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। थाना सदर सफीदों के प्रभारी उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि थाना सदर सफीदों पुलिस को गश्त के दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि सफीदों शहर में हुए पिछले पटाखा फैक्टरी हादसे सात मार्च के मुख्य आरोपित गांव कुरड़ में भी एक अवैध फैक्ट्ररी संचालित कर रहा था। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पाया कि आरोपित गांव कुरड़ में भी मकान किराये पर लेकर अवैध रूप से पटाखों का निर्माण किया हुआ है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंच कर मौके पर मुआयना किया पाया कि एक फैक्टरी बिना किसी कानूनी अनुमति और बिना किसी सुरक्षा मानकों के रिहायशी इलाके में पास चलाई जा रही थी।

### ऑस्ट्रेलिया भेजने का झांसा दे दो युवकों से ठगे 39 लाख रुपये, 2 एजेंटों पर केस दर्ज

**कैथल।** थाना गुहला पुलिस ने दो युवकों को ऑस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देकर 39 लाख रुपये ठगने के आरोप में दो एजेंटों को नामजद किया है। एजेंटों ने दस्तोवज लेकर युवकों को दिल्ली तक तो बुला लिया, लेकिन उन्हें ऑस्ट्रेलिया नहीं भेजा। पुलिस को दी शिकायत में गांव दयोहरा निवासी प्रवीन कुमार ने बताया कि वह खेती करता है और वे दो भाई हैं। उसका बड़ा भाई बलराम करीब 13 साल से ऑस्ट्रेलिया में रह रहा है। करीब एक साल पहले उसकी पहचान पंजाब के पटियाला निवासी जसप्रीत सिंह से हुई थी। जसप्रीत सिंह ने कहा था कि यदि किसी व्यक्ति को यूएस या अन्य देश में भेजना हो तो वह व्यवस्था कर सकता है। करीब 15 दिन पहले उसके दोस्त अमन क्योड़क ने बताया कि वह अपने भाई अमित और पड़ोसी सुमित को ऑस्ट्रेलिया भेजना चाहता है। उसने दोनों युवकों को विदेश भेजने के लिए जसप्रीत सिंह से बातचीत की। आरोपी ने दोनों को 42 लाख रुपए में विदेश भेजने की बात कही। 1 मार्च को आरोपी ने दोनों युवकों के दस्तावेज ले लिए। इसके बाद 10 मार्च को उन्हें दिल्ली बुलाकर कहा कि उसके एजेंटों को 39 लाख रुपए दे देना। वे एजेंटों के पास रुपए लेकर पहुंच गए, जहां उनसे 39 लाख रुपए ले लिए गए, लेकिन जसप्रीत सिंह से बात नहीं करवाई गई। बाद में जब खुद जसप्रीत से संपर्क किया तो उसने कहा कि दोनों युवक जल्द ही विदेश पहुंच जाएंगे। इसके बावजूद उन्हें विदेश नहीं भेजा गया।

### दो आरोपितों से पांच चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद

**जींद।** एवीटी स्टाफ ने दो बाइक चोरों को काबू कर उनकी निशानदेही पर पांच चोरीशुदा बाइक बरामद की है। बाइकों को अलग-अलग स्थानों से चोरी किया गया था। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। एवीटी स्टाफ प्रभारी यश्वीर ने बताया कि गत दस मार्च को गांव घिमारा निवासी विक्रमजीत ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया था कि वह रोहतक रोड पर निजी अस्पताल में आया हुआ था। जहां से उसका बाइक गायब हो गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने जांच को आगे बढाया तो गांव भिड़ताना निवासी बलिंद्र तथा सफीदों निवासी गुरप्रीत का नाम सामने आया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपित से पूछताछ की तो उन्होंने अलग-अलग स्थानों से पांच बाइक चुराने की बात स्वीकार की।

## खबर संक्षेप



### राजौंद में उखड़ी सड़कों के निर्माण का कार्य शुरू

**राजौंद।** नगर में उखड़ी सड़कों की सुध लिए जाने से राजौंदवासियों और यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद जगी है। लंबे समय से प्रशासन और सरकार की अनदेखी के कारण उबड़-खाबड़ हो चुकी सड़क पर अब निर्माण कार्य शुरू हो गया है, जिससे आमजन को राहत मिलती दिखाई दे रही है। बता दें कि पिछले लगभग एक वर्ष से अधिक समय से राजौंद में सीवरेज की पाइपलाइन बिछाने का कार्य चल रहा था। इस कारण नगर की अधिकांश गलियां और मुख्य सड़कें टूट गई थीं, जिससे आवागमन करना काफी जोखिम भरा हो गया है।
बरसात के दिनों में कीचड़ के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है, वहीं सूखे मौसम में उड़ती धूल भी लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनी हुई है।



### मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हैफेड के पूर्व चेयरमैन कैलाश भगत के पिता के निधन पर जताया शोक

**कैथल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को कैथल पहुंचकर शोक संवेदनाएं प्रकट की। सबसे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हैफेड के पूर्व चेयरमैन कैलाश भगत के पिता स्व. अमरनाथ भगत के निधन पर शोक प्रकट करने उनके आवास पर पहुंचें। जहां उन्होंने परिवार से मुलाकात की और अपनी संवेदनाएं प्रकट की। विदित रहे कि स्व.. अमरनाथ भगत वरिष्ठ भाजपा नेता थे। जिनका गत आठ मार्च को निधन हो गया था। इसके बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा के आवास पर पहुंचें। जहां पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा के पिता स्व. जगत सिंह मलिक के निधन पर शोक जताया। स्व. जगत सिंह मलिक गांव पाथरी के पूर्व सरपंच भी रहे। जिनका पिछले दिनों देहांत हो गया था। इसके उपरांत वे कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य संजय चौधरी के घर पहुंचें। जहां उनकी माता स्व. शकुंतला देवी के निधन पर शोक जताया। इस अवसर पर उनके साथ मंत्री कृष्ण लाल पंवार, ज्योति सैनी, कमलेश ढांडा, लीला राम, मनीष कठवाड़, अमरजीत छाबड़ा, राव सुरेंद्र सिंह, शैली मुंजाल, सुरेश संधू, प्रवीण प्रजापति, सुरेश संधु, श्याम बंसल, शिव शंकर पाहवा, अशोक सैनी आदि मौजूद रहे।

**निरीक्षण** 10 बसों में सीसीटीवी कैमरा, फर्स्ट एड बॉक्स और फायर सिलेंडर नहीं मिले

# अभियान: दो स्कूलों में पच्चीस बसों को जांचा

- जिला परिवहन विभाग ने चलाया अभियान, 14,500 रुपये जुर्माना लगाया
- बस का परमिट व चालक के पास हैवी लाइसेंस जैसे कागजात भी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। स्कूल बसों की जांच करते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

जिला परिवहन विभाग की ओर से वीरवार को स्कूली बसों की जांच का विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान दो स्कूलों में 25 बसों की जांच की गई। 10 बसों में सीसीटीवी कैमरा, फर्स्ट एड बाक्स व फायर सिलेंडर नही मिले ने पर 14 हजार 500 रुपये का चालान किय गया। सप्ताह में हर वीरवार को आरटीए टीम अभियान चलाएगी। जांच के लिए चार सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। जिसमें आरटीए आफिस से इंस्पेक्टर, एमवीआइए ट्रैफिक पुलिस से सब इंस्पेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी से एक प्रतिनिधि को शामिल किया जाता है। जिले में 350 से ज्यादा प्राइवेट स्कूल हैं। इसमें एक लाख से अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। विद्यार्थियों को स्कूल व घर पर ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था होती है। नियमानुसार इसमें एक सहायक भी तैनात होता है। इसके अलावा बस में जीपीएस व सीसीटीवी कैमरे भी लगे होना अनिवार्य होते हैं। बस का परमिट व चालक के पास हैवी लाइसेंस जैसे कागजात भी जरूरी होते हैंए लेकिन प्राइवेट बस चालक कई बार इन नियमों का पालन नहीं करते। बस भी ज्यादा स्पीड में चलाते हुए पाए जाते हैं। जिससे सड़क हादसे का खतरा बना रहता है। ऐसे में हर वीरवार को जिला परिवहन विभाग की टीम द्वारा बसों की जांच की जाती है और जांच के दौरान खामियां पाए जाने पर चालान किया जाता है।

### जारी रहेगा बस जांच अभियान

जिला परिवहन विभाग निरीक्षक बलजीत सिंह ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इसका मुख्य उद्देश्य स्कूली बसों की जांच कर विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित परिवहन सुविधा मुहैया करवाना है। स्कूली बसों की जांच के लिए हर वीरवार को अभियान चलाया जाता है। जांच के दौरान जो-जो कमियां पाई जाती हैं, उस आधार पर बसों का चालान किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### जन चेतना रैली होगी ऐतिहासिक : सत्यवान

**उचाना।** जजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला के जन्म दिन पर 13 अप्रैल के दिन हरियाणा जन चेतना रैली आयोजित हो रही है। इस रैली में उचाना हलके से सबसे अधिक भागीदारी होगी। उचाना हलके में उचाना खुर्द से सबसे अधिक भागीदारी होगी। ये बात हलका उप प्रधान सत्यवान श्योकंद उचाना खुर्द ने कही। श्योकंद ने कहा कि हांसी रैली के बाद प्रदेश में बदलाव की शुरूआत होगी। रैली में उमड़ी भीड़ 2029 में दुष्यंत चौटाला को सीएम बनाने का संकेत होगी। भीड़ से साफ होगा कि प्रदेश के मतदाता भाजपा के विकल्प के रूप में जेजेपी को चुन चुके है। आज निरंतर जनहित के मुददों को उठाने का काम जेजेपी के नेता कर रहे है।

### पिता के सपने को पूरा कर रहे देवेंद्र अत्री : रामनिवास

**उचाना।** भाजपा नेता रामनिवास घोघड़िया ने कहा कि विधायक बन कर देवेंद्र चतरभुज अत्री अपने पिता स्व. चतरभुज अत्री के सपनों को पूरा करने का काम कर रहे है। जो समाज सेवा की राह अपने जीवन काल में स्व. चतरभुज अत्री ने सिखाई थी उस राह पर चलते हुए हर वर्ग के हित में कार्य करने का काम विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री कर रहे है। उनके पिता कोई परिचय के मोहताज क्षेत्र में नहीं रहे। निरंतर गरीब वर्ग के हितों के लिए जीवनकाल में कार्य किया है।

### उदारता मानवता को मापने की कसौटी

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण न्यास के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने नरवाना रोड पर समिति के कार्यालय में गायत्री यज्ञ के बाद कहा कि किसी भी व्यक्ति की महानता का मूल्यांकन उसकी वेशभूषा, बोल चाल, रहन सहनए ख़ान पानएधन दोलत व सुख सुविधा के साधनो की न्यूनता, अधिकता से नहीं बल्कि इस बात से किया जाता है कि परमात्मा के ज्ञान एध्यान एभजन से उसके मन में क्रूरता किस मात्रा में कम हो उदारता बढ़ी है।

### सात दिवसीय एनएसएस कैंप का समापन

**उचाना।** सनातन धर्म कन्या कॉलेज उचाना मंडी में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के मंत्री चंद्रहास गुप्ता, महाविद्यालय प्रबंधन डॉ. मेजर सिंह खैरा विशिष्ट अतिथि, बाबा दूधाधारी हरी गिरी गौशाला के संचालक राजपाल सुरा उपस्थित रहे। डॉ. मेजर सिंह खैरा ने स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य के साथ-साथ पौराणिक व ऐतिहासिक संदर्भों से प्रेरित करते उनका मार्गदर्शन किया। बताया कि किस प्रकार नारी शक्ति त्याग सेवा,बलिदान व सही क्षमता का प्रयोग करके किस प्रकार हमारे राष्ट, के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

### माकपा के जत्थे ने किया जींद जिले का दौरा

**जींद।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी हरियाणा राज्य कमेटी द्वारा आगामी 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की जन आक्रोश रैली की तैयारियों को लेकर माकपा के एक विशेष जत्थे ने जींद जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान जलालपुर कलां, लजवाना कलां, खरेंटी और हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में विशाल जनसभाएं और जलसे आयोजित किए गए।

### दिल्ली में 24 को होगी जन आक्रोश रैली

**उचाना।** कम्युनिस्ट पार्टी (मार्कसवादी) द्वारा 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की जन आक्रोश रैली की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। माकपा का जन आक्रोश जत्था उचाना कलां पहुंचा और यहां के ऐतिहासिक चबूतरे पर आयोजित जलसे में बुजुर्गे, किसानों और मजदूरों ने फूल-मालाओं के साथ जत्थे का जोरदार स्वागत किया। कामरेड सुमित दलाल ने कहा कि आज देश की जनता रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत और आसमान छूती कीमतों से त्रस्त है।

---

वाटर कैनन के प्रयोग बारे में भी व्यावहारिक रूप से जानकारी दी

# भीड़ नियंत्रण-कानून व्यवस्था को लेकर जवानों को दिया प्रशिक्षण

**संसाधनों का उपयोग करने तथा हालातों से निपटने के सिखाए तौर-तरीके**

**अभ्यास से पुलिसकर्मियों ने अपनी ताकत का आंकलन भी किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा हालातों से निपटने के पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों को गुरूवार को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। अभ्यास के माध्यम से पुलिसकर्मियों ने अपनी ताकत का आंकलन भी किया। प्रशिक्षण में जिला पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए गठित कंपनी ए तथा बी के जवानों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया। पुलिस प्रवक्ता राजेश कुमार ने बताया कि रैपिड एक्शन फोर्स के डिप्टी कमान्डेंट सुनील कुमार के नेतृत्व में रैपिड एक्शन फोर्स के निरीक्षक प्रदीप कुमार व अन्य स्टाफ ने बी कपंनी में तैनात जवानों को भीड़ नियंत्रण से संबंधित आधुनिक तकनीकों एवं उपकरणों के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान जवानों को बताया गया





जींद। हालातों से निपटने के गुर सीखते पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

कि किसी भी आपात स्थिति या भीड़भाड़ वाले माहौल में किस प्रकार संयम, सूझबूझ और रणनीति के साथ कानून व्यवस्था को बनाए रखा जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान वज्रा वाहन के उपयोग, विशेषताओं तथा भीड़ नियंत्रण में उसकी भूमिका के बारे में विस्तार से समझाया गया। इसके साथ ही वाटर कैनन के प्रभावी प्रयोग के बारे में भी जवानों को व्यावहारिक रूप से जानकारी दी गई ताकि किसी भी संभावित भीड़भाड़ या तनावपूर्ण स्थिति में कम से कम बल प्रयोग करते हुए हालात को नियंत्रित किया जा सके। प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारियों ने जवानों को यह भी बताया कि किसी भी कानून व्यवस्था की स्थिति में धैर्य, अनुशासन और पेशेवर तरीके से कार्य करना अत्यंत आवश्यक हैं। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिसबल की कार्यकुशलता को बढ़ाने के साथ-साथ जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर सीडीआई सतीश कुमार, लाइन अफसर महेंद्र सिंह सहित पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे तथा बड़ी संख्या में जवानों ने प्रशिक्षण में भाग लेकर भीड़ नियंत्रण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। एसपी कुलदीप सिह ने बताया कि पुलिस द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ताकि आपात स्थिति में पुलिस बल पूरी तत्परता और दक्षता के साथ हालातों से निपट सके और जनता की सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखा जा सके।

---



जींद। मीटिंग में मौजूद अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

## नशा मुक्ति के लिए प्रशासन और समाज की भूमिका जरूरी : प्रदीप

- शैक्षणिक संस्थानों के आसपास के दायरे को ड्रग फ्री जोन बनाने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला स्तरीय एनसीओआरडी की बैठक लघु सचिवालय के सभागार में वीरवार को अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की । बैठक में एसडीएम सत्यवान मान, डीएमसी सुरेंद्र सिंह, डीएफओ पवन ग्रोवर, डा. संकल्प सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिले में नशा रोकथाम से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी विभागों से उनके स्तर पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी विभाग मिलकर काम करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में नशे की रोकथाम के लिए एक स्पष्ट कार्ययोजना तैयार की जाए और ऐसे स्थानों पर विशेष नजर रखी जाएए जहां नशे से जुड़ी गतिविधियों की आशंका रहती है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला के किसी भी सरकारी कार्यालय, स्कूल, कॉलेज या अन्य संस्थान के परिसर में भांग जैसे नशीले पौधे नहीं उगने चाहिए। इसके लिए संबंधित विभाग समय-समय पर निरीक्षण करें और यदि कहीं ऐसे पौधे मिलते हैं तो उन्हें तुरंत हटाया जाए। अतिरिक्त उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि जिले के सभी मेडिकल स्टोर्स पर सीसीटीवी कैमरे लगे होने चाहिए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि डॉक्टर की पर्ची के बिना दवाइयां न दी जाएं। खासकर वे दवाइयां जिनका दुरुपयोग हो सकता है। उन्होंने कहा कि कई बार कुछ लोग परिवहन सेवाओं या अन्य माध्यमों का गलत इस्तेमाल करने की कोशिश करते हैं। ऐसे मामलों को रोकने के लिए संबंधित विभागों को सतर्क रहने और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति केंद्रों को और मजबूत किया जाए और जरूरतमंद लोगों को उपचार व पुनर्वास की सुविधाएं आसानी से उपलब्ध करवाई जाएं। कहा कि नशे के खिलाफ जनजागरूकता बढ़ाने के लिए पर गांवों और शहरों में आईईसी गतिविधियों के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाए।

---

## नागरिक अस्पताल में मनाया विश्व किडनी-डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में गुरूवार को वल्ड किडनी-डे पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमओ डा. सुमन कोहली ने की। जबकि कार्यक्रम में पीएमओ डा. रघुवीर पूनिया, डिप्टी एमएस डा. भोला, डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया, डा. निशु मौजूद रहे और डायलिसिस सेंटर का दौरा किया। उन्होंने किडनी पैंशेंट को गुलाब के फूल देकर उनके शीघ्र स्वास्थ्य की कामना की। नागरिक अस्पताल में आए लोगों को जागरूक करते हुए सीएमओ डा. सुमन कोहली ने मरीजों को किडनी को स्वास्थ्य रखने के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि जिन मरीजों को यूरिन की मात्रा कम या ज्यादा हो जाए उन्हें विशेष रूप से किडनी की जांच करवानी चाहिए। बीपी तथा शुगर के मरीजों को खासतौर पर अपना विशेष ध्यान रखना चाहिए। 40 वर्ष की उम्रके बाद लगातार स्वास्थ्य व्यक्ति को भी बीपी, शुगर की नियमित जांच करवानी चाहिए। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि अस्पताल के पास किडनी के 105 पेशेंट रजिस्ट्रड हैं। इनमें नेगेटिव मरीज 58 हैं। जबकि पॉजिटिव मरीज 47 हैं। जिनका मुफ्त उपचार किया जा रहा है। नागरिक अस्पताल में किडनी रोगियों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध है। जिन मरीजों को समय-समय पर डायलसिस की जरूरत पड़ती है उन्हें उपचार की बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है।

**ये रहे मौजूद**

डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया ने कहा कि किडनी संबंधित रोग को लेकर अधिकतर मरीज वही होते हैं जिनको शुगर व ब्लड प्रेशन जैसी परेशानियां होती हैं। इसके लिए जरूरी है कि शुगर व ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों का इलाज करवाया जाए नहीं तो इससे किडनी खराब होने जैसी दिक्कत हो सकती है। डा. निशु ने कहा कि किडनी खराब होने का मुख्य कारण शुगर व ब्लड प्रेशर की समस्या है। यही दोनों कारण कई अन्य बीमारियों को भी जन्म देते हैं। ऐसे में हर व्यक्ति को चाहिए कि वो नियमित तौर पर टैस्ट करवाता रहे ताकि समय रहते इन बीमारियों पर काबू पाया जा सके और हमारी किडनी खराब न हो। इस मौके पर सेंटर मैनेजर शुभम गौतम, भीष्म, मोनू, कुलदीप, सचिन, मनजीत, विकास आदि मौजूद रहे।

### करसिंधु स्कूल के बच्चों ने संस्कृति को प्रस्तुत किया

**नरवाना।** केएम राजकीय कालेज में पहुंचे छह दिवसीय कार्यशाला में अहिंदी भाषी क्षेत्र केरल के विद्यार्थियों के चौथे दिन का कार्यक्रम हिंदी शोधार्थी संघ भारत के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ करते स्काई पथ ग्लोबल स्कूल करसिंधु के निदेशक नरेंद्र खटकड़ व स्टाफ सदस्यों ने विद्यालय में पहुंचने पर विद्यार्थियों का स्वागत किया। केरल और हरियाणा के बच्चों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य परंपराओं और जीवन शैली को समझना था। केरल के बच्चों ने पारंपरिक नृत्य शैली संगीत और वेशभूषा का परिचय दिया जब कि करसिंधु स्कूल के बच्चों ने हरियाणवी लोकनृत्य गीत और संस्कृति को प्रस्तुत किया। दूसरे सत्र में सेंट जीसस मैरी कॉलेज दिल्ली से आई डा. अर्चना ने कार्यशाला के तीसरे सत्र में भारत की विविधिता-एकता में सांस्कृतिक आदान-प्रदान के महत्व पर विचार रखें।

## कसूहन की बेटी मनीषा बनीं असिस्टेंट प्रोफेसर



**उचाना।** कसूहन से निकलकर डॉ. मनीषा ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर भूगोल विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर बनकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। ग्रामीणों का कहना है कि डॉ. मनीषा की सफलता गांव की बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। डॉ. मनीषा के चचेरे भाई अनिल शर्मा जोकि हरियाणा शिक्षा विभाग में अंग्रेजी प्रवक्ता है ने बताया कि मनीषा साधारण किसान परिवार से संबंध रखती हैं। उनके पिता किसान हैं, जबकि उनकी माता गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उनके माता-पिता ने हमेशा उनकी शिक्षा को प्राथमिकता दी और हर परिस्थिति में उनका हौसला बढ़ाया। परिवार के विश्वास और सहयोग ने ही उन्हें आगे बढने की प्रेरणा दी। डॉ. मनीषा की प्रारंभिक शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय खुंगा कोठी से हुई। डॉ. मनीषा अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और पूरे परिवार को देती हैं। उनका कहना है कि परिवार ने हमेशा उन पर विश्वास किया और हर कदम पर उनका साथ दिया। इसी सहयोग और प्रोत्साहन की बदौलत वे अपने लक्ष्य तक पहुंच सकीं। ग्रामीणों को गर्व है कि गांव की बेटी ने असिस्टेंट प्रोफेसर बनकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे उचाना ब्लॉक और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### बेकरी उत्पाद और संरक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

**नरवाना।** पीएनबी किसान प्रशिक्षण केन्द्र के तत्वावधान में हांसी में तीन दिवसीय बेकरी उत्पाद और उनका संरक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र हिसार की वित्तीय सहयोग द्वारा किया जा रहा है। यह कार्यक्रम एसपी योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं और महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्रह्म प्रकाश व दिनेश शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। केंद्र निदेशक हितेश कालरा ने संबोधित करते कहा कि आज के समय में बेकरी व्यवसाय एक अच्छा स्वरोजगार का माध्यम बन सकता है। बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

---



जींद। ओलावृष्टि रोकने के लिए यज्ञ करते हुए। फोटो :हरिभूमि

**ओलावृष्टि रोकने के लिए हवन**

**जींद।** गांव किनाना में महाश्य कपूर सिंह आर्य द्वारा ओलावृष्टि रोकने के उद्देश्य से यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के ब्रह्म ब्रह्मचारी ब्रह्मव्रत गुरुकुल कलवा रहे। यज्ञ में अथर्ववेद के चतुर्थ कांड के 15वें सुख के मंत्र का पाठ किया गया। इस यज्ञ के लिए विशेष सामग्री तथा संविदाएं स्वामी वेद रक्षानंद द्वारा दिए गएत्र सुझाव द्वारा तैयार की गई संविदाओं में दयार व सफेद आंख का प्रयोग व तिल के तेल का प्रयोग किया गया। यह पांच मार्च से 11 मार्च तक चला यज्ञ के समापन पर आचार्य विजय पाल गुरुकुल झज्जर तथा आचार्य राजेंद्र गुरुकुल कालवा विशेष रूप से उपस्थित रहे। आचार्य विजय जी ने यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डाला यज्ञ की उपयोगिता पर जोर दिया। वीरेंद्र आर्य, देवेंद्र आर्य व चांद रूप मलिक ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण से यज्ञ पर अपने विचार प्रकट किया। इस आयोजन में करण सिंह आर्य, पवन आर्य, कौशल्या आर्य, रणबीर राठी, दलवीर व कपूर सिंह आर्य मौजूद रहे।

## छात्राओं को स्टार्टअप के लिए आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं की दी जानकारी

- हिंदू कन्या महाविद्यालय एक्सपर्ट सेशन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या महाविद्यालय के कानूनी साक्षरता सेल व आईआईसी के संयुक्त तत्वावधान में लीगल फॉर्मेलिटीज फॉर स्टार्टअप व लीगल एंड एथिकल स्टेप्स विषयों पर एक्सपर्ट सेशन का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने की। विशेषज्ञ बैठक का संचालन कानूनी साक्षरता सेल की संयोजिका आरती सैनी व सहसंयोजिका डा. पिंकी द्वारा किया



गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता हिंदू कन्या महाविद्यालय की वाणिज्य विभाग की प्राध्यापिका कीर्ति बंसल एवं डा. पूनम भारद्वाज रही। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में कीर्ति ने छात्राओं की स्टार्टअप के लिए जरूरी कानूनी औपचारिकताओं पर जोर दिया। जिनमें से कुछ प्रमुख बिंदु जैसे कंपनी रजिस्ट्रेशन, लाइसेंस और परमिट, टैक्सेशन, इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी प्रोटेक्शन, इम्प्लॉयमेंट लॉ, डेटा प्रोटेक्शन और प्राइवेसी का पालन करने बारे में अपने विचार सांझा किए। वहीं दूसरे सत्र में डा. पूनम भारद्वाज ने छात्राओं को कानूनी और नैतिक कदमों के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने जोर दिया कि छात्राओं को अपने कार्यों में ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व, गोपनीयता, निष्पक्षता, आदर और कानून का पालन करना चाहिए जैसी बातों पर ध्यान देने की सलाह दी। इस कार्यक्रम में लगभग 70 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में आरती सैनी, कंप्यूटर विभाग से सुरभि भी उपस्थिति रही।



जींद। दिव्यांग महिला की शिकायत सुनते एसपी कुलदीप सिंह। फोटो :हरिभूमि

**एसपी ने दिव्यांग शिकायतकर्ता को लेकर दिखाई संवेदना**

**जींद।** एसपी कुलदीप सिंह ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए एक दिव्यांग महिला की समस्या को गंभीरता से सुना। महिला के लिए ऊपर कार्यालय तक आना संभव नही था। इस बात की जानकारी मिलते ही एसपी स्वयं नीचे आकर महिला से मिले और उसकी पूरी शिकायत ध्यानपूर्वक सुनी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को मामले की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए व महिला को आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। एसपी द्वारा दिखाए गए इस मानवीय व्यवहार की कार्यालय में फरियादियों द्वारा सराहना की जा रही है। यह पहल पुलिस की संवेदनशीलता और आमजन की समस्याओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

---

सरस्वती बोर्ड के वाइस चेयरमैन ने किया कालवन तीर्थ स्थल का दौरा

# प्राचीन तीर्थों और नदी पर प्रवासी पक्षियों का रहता है जमावड़ा: धूमन सिंह किरमच

**सेंट्रल एशिया, साइबेरिया, मंगोलिया व दक्षिण यूरोप जैसे देशों के प्रवासी पक्षी पहुंचते है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सरस्वती बोर्ड के वाइस चेयरमैन धूमन सिंह किरमच ने कहा कि प्राचीन तीर्थों पर व नदी पर प्रवासी पक्षियों का जमावड़ा रहता है। जिसमे सेंट्रल एशिया, साइबेरिया, मंगोलिया व दक्षिण यूरोप जैसे देशों के प्रवासी पक्षी यहां आते हैं और कुछ दिन विश्राम करते हैं और फिर यहां से आगे या वापस चले जाते हैं।

सरस्वती बोर्ड के वाइस चेयरमैन धूमन सिंह किरमच गुरूवार को कालवान गांव के तीर्थ स्थल पर पहुंचे और पक्षियों को देखा। उन्होंने कहा कि



जींद। कालवन का दौरा करते सरस्वती बोर्ड के वाइस चेयरमैन धूमन सिंह।

ये सभी पक्षी युगों-युगों से सरस्वती नदी के तट पर स्थित इन्हीं स्थलो पर आते रहते हैं। क्योंकि सरस्वती नदी की बहाव की कंटूरिंग और इसके किनारे स्थित पवित्र तीर्थों की वजह से ये प्रवासी पक्षी इसी क्षेत्र में आते हैं। इनका मुख्य स्थल आदिबद्री हो, कपालमोचन हो, कलेसर जंगल, कुरुक्षेत्र सनिहित व ब्रह्मस्रोवर, सरस्वती नगर तीर्थ, चिलचिला पक्षी अभयारण्य सारसा, सियोसर जंगल, कपिल मुनि तीर्थ कलायत, कालवन गांव का कपिलेश्वर तीर्थ जहां से चारा प्राप्त करने के बाद ये पक्षी अपने घर वापस लौट जाते हैं। प्रवासी पक्षियों का यह सिलसिला पीढ़ी दर पीढ़ी चलता है। एक शोध अनुसार जिस तरह से पक्षियों का एक समूह आना शुरू करता है तो उनकी अगली से अगली पीढ़ी आती रहती है। सरस्वती के तट पर महाभारत काल से ही जितनी सभ्यताएं पनपी हैं, वह सरस्वती व सिंधु घाटी के बीच में पनपी हैं। क्योंकि यहां हर वक्त पानी रहता था। जिसकी वजह से इन पक्षियों को यहां पर आ जाने मैं अच्छा लगता था और बहुचारा मिलता है। इसी के एवज में ही ये पक्षी यहां और आते रहते हैं। इससे सरस्वती नदी की पवित्रता का बोध होता है। सरस्वती बोर्ड हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में इन सभी तीर्थ स्थलों को पर्यटन के तौर पर विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि दूर-दूर से लोग इन विचित्र पक्षियों को देखने के लिए आए। इनके लिए विशेष शेल्टर की भी व्यवस्था करने का प्रयास सरस्वती बोर्ड हरियाणा कर रहा है। जिस तरह से हाल ही में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सीओसर जंगल में एक रिजर्ववायर बनाने का सरस्वती के किनारे शुभारंभ किया था।

## योगासन प्रतियोगिता के लिए श्याम देव और शिवनारायण का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय वमावि शामलो कलां के प्राचार्य शिवनारायण शर्मा व राजकीय वमावि बूढ़ा खेड़ा लाठर के प्राचार्य श्याम देव का चयन अखिल भारतीय सिविल सेवा योगासन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिसका आयोजन 17 मार्च से 21 मार्च तक चंडीगढ़ में होगा। विद्यालय के योगासन प्रभारी संतराम शास्त्री ने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शामलो कलां के विद्यार्थी पिछले छह वर्ष से राष्ट्रीय व राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओ में अच्छा प्रदर्शन करते आ रहे हैं। जिसका परिणाम यह मिला है कि इन बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए प्राचार्य शिव नारायण शर्मा ने भी योगासन करना आरंभ किया। जिसका परिणाम आज उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ व गत वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक भी प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता हेतु चयन प्रक्रिया का आयोजन छह मार्च को हिसार में किया गया। जहां पर पूरे राज्य से प्रतिभागियों ने भाग लिया। 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में शिवनारायण शर्मा व श्याम देव ने लयात्मक जोड़ी इवेंट में पूरे हरियाणा में प्रथम स्थान प्राप्त कर अखिल भारतीय सिविल सेवा योगासन प्रतियोगिता में भाग लेना सुनिश्चित किया है। शिव नारायण शर्मा ने बताया की केंद्र सरकार व राज्य सरकार लगातार योग को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत है।

## खबर संक्षेप



### समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाएं

**राजौंद।** गुरुवार को नगरपालिका सचिव नरेंद्र शर्मा के निर्देशानुसार "नारी नेतृत्व स्वच्छता" अभियान के तहत एसडीएम इंटरनेशनल स्कूल,राजौंद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एसआई प्रदीप कुमार ने अपनी नगरपालिका टीम के साथ किया। इस अवसर पर स्कूल के स्टाफ को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में महिलाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। अगर महिलाएं अपने घर, परिवार और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाएं तो आसपास का वातावरण साफ-सुथरा और स्वस्थ बनाया जा सकता है। टीम के सदस्यों ने महिला स्टाफ को कचरा प्रबंधन, गीले और सूखे कचरे के अलग-अलग निपटान तथा सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने के बारे में भी जानकारी दी।

## जिलावासियों को गर्मी में न हो पेयजल के लिए परेशानी

# गुणवत्तापूर्वक जलापूर्ति सुनिश्चित करवाएं अधिकारी :अपराजिता

- डीसी ने प्यौदा रोड स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का किया निरीक्षण
- जलशोधन प्रक्रिया को बारीकी से समझा

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल





कैथल। डीसी अपराजिता वाटर ट्रिटमेंट प्लांट का निरीक्षण करते तथा अधिकारियों से जानकारी लेते।

डीसी अपराजिता ने वीरवार सुबह प्यौदा रोड स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। डीसी ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के दृष्टिगत पेयजल आपूर्ति को लेकर कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में गुणवत्तापूर्वक पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें।

डीसी वीरवार सुबह प्यौदा रोड स्थित जल घर पहुंचीं। जहां उन्होंने सबसे पहले स्टोरेज टैंक का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने पानी को शुद्ध करने की पूरी प्रक्रिया की बारीकी से जानकारी हासिल की। जनस्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता कृष्ण कुमार एवं कार्यकारी अभियंता अभिषेक शेर ने पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी। इसके बाद डीसी ने मैप पर पूरे शहर में जलापूर्ति की पूरी प्रक्रिया को समझा और कहा कि शहर के किसी भी हिस्से में पानी की कमी नहीं होनी चाहिए। गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। इसीलिए विभागीय अधिकारी जहां भी जरूरत हो, वहां मरम्मत का कार्य पूरा करें। लीकेज ठीक करवाएं। पेयजल में किसी भी तरह की गंदगी न हो। इसके बाद डीसी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

अपने संदेश में डीसी अपराजिता ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए नागरिकों को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी जलघरों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान डीसी ने पानी की गुणवत्ता की जांच करने के भी निर्देश दिए और कहा कि नियमित रूप से पानी के सैंपल लिए जाएं। उन्होंने आमजन का आह्वान किया कि जल हमारे जीवन में महत्वपूर्ण है। हमें जल का संरक्षण करना है और पानी को बर्बाद होने से बचाना है। इसलिए बेवजह पानी नल खुला न छोड़ें। पानी को व्यर्थ में न बहाएं।

### शहर में दो वाटर ट्रीटमेंट प्लांट : अधिकारी

वहीं जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शहर में दो वाटर ट्रीटमेंट प्लांट है, जोकि प्यौदा रोड स्थित तथा दूसरा मानस रोड पर स्थित है। प्यौदा रोड स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता 20 एमएलडी है तथा मानस रोड स्थित प्लांट की क्षमता 13 एमएलडी है। कैथल में 16 बूस्टर तथा 40 पंपों के माध्यम से निर्बाध रूप से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। पेयजल आपूर्ति समुचित रूप से चलाने के लिए शहर में 90 किलोमीटर पुरानी लाइन को बदला जाएगा, जिस पर लगभग 5 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च आएगी। जिले में दो पानी जांच लैब हैं, जोकि एक कैथल तथा दूसरी चीका में है। इस मौके पर जन स्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता कृष्ण कुमार गिल, कार्यकारी अभियंता अभिषेक शेर, एसडीओ गोपाल वैध, जेई राहुल के अलावा अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



# विद्यार्थियों को दी सेना में भर्ती होने की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

भारतीय सेना में करियर बनाने हेतु प्रोत्साहन कार्यशाला का आयोजन महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विवि, कैथल के टीक परिसर में विद्यार्थियों को भारतीय सेना तथा धर्मगुरु के रूप में करियर बनाने के लिए प्रेरित करने हेतु एक प्रोत्साहन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय सेना में उपलब्ध विभिन्न अवसरों से अवगत कराना तथा उनमें राष्ट्रसेवा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेन्द्र कुमार अनायत के मार्गदर्शन में आयोजित किया। मुख्य वक्ता के रूप में सुबेदार मेजर किशोर चन्द्र उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. जगत नारायण कौशिक ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ पारंपरिक रूप से अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ।

### मुख्य वक्ता बोले

मुख्य वक्ता सुबेदार मेजर किशोर चन्द्र ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि भारतीय सेना केवल देश की सीमाओं की रक्षा करने का माध्यम ही नहीं है, बल्कि यह युवाओं के लिए अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रसेवा का सर्वोत्तम मंच भी है। सेना में उपलब्ध विभिन्न पदों, भर्ती प्रक्रिया, योग्यताओं तथा प्रशिक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। बताया कि आज के समय में भारतीय सेना में छात्र एवं छात्राओं दोनों के लिए समान रूप से अवसर उपलब्ध हैं और युवा योग्यता एवं परिश्रम के बल पर सेना में उच्च पदों तक पहुँच सकते हैं। विशेष रूप से संस्कृत के विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि शास्त्री और आचार्य स्तर की शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थी भारतीय सेना में धर्मगुरु के रूप में भी योगदान दे सकते हैं। सेना में धर्मगुरु का पद सम्मानजनक होता है विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे संस्कारों के माध्यम से राष्ट्रसेवा के इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में आगे आए।



### युवा वर्ग साइबर ठगों से रहें सावधान : उपासना

**कैथल।** आरकेएसडी महाविद्यालय, कैथल के महिला प्रकोष्ठ और आंतरिक शिकायत समिति द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण विषय पर पोस्टर, पोर्ट्रेट, स्केच, कोलाज आदि की प्रदर्शनी एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एसपी कैथल उपासना रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ सुश्री उपासना, श्याम बंसल, महेश मंगल, सुनील चौधरी, नवनीत गोयल, जगदीश गोयल,प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल, डॉ. हरिंदर गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि उपासना ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वासी बनने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा एक मजबूत और समान समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं को साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रहने की सलाह दी और बताया कि आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन ठगी, साइबर अपराध और सोशल मीडिया से जुड़े जोखिमों से बचने के लिए जागरूक होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि यदि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी या ऑनलाइन अपराध का सामना करना पड़े तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

# राज्यपाल आशीम के 82वें जन्मदिन पर किया 82 यूनिट रक्त एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय और रेड क्रॉस कैथल के संयुक्त तत्वाधान में हरियाणा के राज्यपाल महामहिम आशीम घोष के 82वें जन्मदिवस के अवसर पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर को सेवा और समाजहित से जोड़ते हुए महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों, कॉलेज स्टाफ तथा अन्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्विद्यालय, डीएवी कॉलेज पूंडरी, जाट कॉलेज कैथल के स्वयंसेवकों ने भी भाग लिया ।

कैथल उपायुक्त अपराजिता और रेडक्रॉस के सेक्रेटरी रामजी लाल के मार्गदर्शन में शिविर के दौरान राज्यपाल के 82वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 82 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया, जिसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया। रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया।

इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अभिषेक गोयल ने बताया कि रक्तदान मानवता की सेवा का एक महत्वपूर्ण माध्यम है और इस प्रकार के आयोजनों से युवाओं में सामाजिक जागरूकता तथा सेवा भावना को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने बताया कि रक्दन शिविर में महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्विद्यालय के कुलपति राजेन्द्र कुमार अनायथ ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की उनके साथ विश्विद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. संजय गोयल भी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार भाम्बू ने भी इस अवसर पर सभी रक्तदाताओं की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना, सेवा भावना और जिम्मेदारी की भावना को विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय समय-समय पर इस प्रकार के सामाजिक और जनहित से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा, ताकि विद्यार्थियों को समाजसेवा के कार्यों से जोड़ा जा सके। कार्यक्रम के अंत में रक्तदान करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



कैथल। शिविर में रक्तदान करती महिलाएं



गुहला-चीका। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह पटवारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

# इंतकाल के कार्य में तेजी लाएं पटवारी : प्रमेश सिंह

हरिभूमि न्यूज. गुहला-चीका

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह की अध्यक्षता में वीरवार को एसडीएम कार्यालय में खंड गुहला के सभी पटवारियों की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने सभी पटवारियों से राजस्व विभाग की महत्वपूर्ण योजना डिजिटल फसल सर्वेक्षण के अंतर्गत चल रहे कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने विभाग द्वारा चल रहे इंतकाल के कार्य के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि इंतकाल, गिरदावरी तथा जमाबंदी के कार्य में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो। आमजन को फसल सर्वेक्षण कार्य की सही जानकारी देने के साथ-साथ जागरूक भी करें।

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने सभी पटवारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इंतकाल, जमाबंदी के कार्य में तेजी लाएं। डिजिटल फसल सर्वेक्षण योजना के तहत जिस कर्मचारी की डयूटी जिस गांव में लगाई गई है, वे अपने कार्य को जल्द पूरा करें। उन्होंने अंडर ट्रेनिंग आए पटवारियों को निर्देश दिए ।



### खाटू श्याम-श्री बालाजी सालासर धाम के लिए नि:शुल्क बस रवाना

**कैथल।** कैथल विधानसभा क्षेत्र के श्रद्धालुओं को बिना किसी आर्थिक बोझ के पावन तीर्थों के दर्शन कराने की प्रक्रिया को जारी रखते हुए विधायक आदित्य सुरजेवाला ने एक बार फिर नि:शुल्क बस सेवा का आयोजन किया। इस सेवा के तहत दर्जनों श्रद्धालु सुबह-सुबह कैथल के किसान भवन से रवाना हुए और बाबा श्री खाटू श्याम धाम तथा श्री बालाजी सालासर धाम पहुंचकर अपने आराध्य देव के दर्शन करने जा रहे हैं। बस को हरी झंडी दिखाने के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुदीप सुरजेवाला विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने बस को रवाना करते हुए कहा कि यह सेवा कैथल के लोगों के प्रति विधायक आदित्य सुरजेवाला की सच्ची लगन और समर्पण का प्रतीक है। यात्रा पर जा रहे सभी श्रद्धालुओं ने राजिंद्र कौर, स्वीटी कथूरिया, सरोज रानी, रेणु ढींगरा, सुनीता बरेजा, उषा शर्मा, सुमन मल्होत्रा, पिंकी रानी, उषा खुराना, बेदो रोहिल्ला, पिंकी अरोड़ा, ममता देवी, रजनी गुलाटी, पंकज गोयल, यशपाल धीमान सहित अन्य श्रद्धालुओं ने विधायक आदित्य सुरजेवाला का हार्दिक आभार व्यक्त किया। एक श्रद्धालु ने भावुक होकर कहा कि हम जैसे आम लोगों के लिए खाटू श्याम जी और सालासर बालाजी तक पहुंचना पहले बहुत मुश्किल था।

### बार चुनाव को लेकर दिए जरूरी निर्देश

*गुहला-चीका। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि 18 मार्च को पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के चुनाव होंगे। जिसके लिए एक मतदान केंद्र गुहला बार एसोसिएशन कार्यालय के प्रथम तल पर बनाया गया है। कहा कि गुहला बार एसोसिएशन चुनाव में कुल 146 अधिवक्ता मतदान करेंगे। इस चुनाव की वोटिंग 18 मार्च को सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक होगी। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह वीरवार को बार काउंसिल चुनाव के अंतर्गत खंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि वे कैथल स्ट्रोंग रूम से आने वाली मशीनों को सील करके गुहला बार एसोसिएशन में बने स्ट्रांग रूम में रखवाना सुनिश्चित करें। एसडीएम ने नगरपालिका सचिव को निर्देश दिए कि बार परिसर में साफ-सफाई करवाएं। बार भवन की दीवारों पर अनावश्यक पोस्टर, पेंटिंग न लगी हो। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बार परिसर में जरनेटर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें ताकि बिजली से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई परेशानी का सामना न करना पड़ें। बार परिसर में बने मतदान केंद्र के आस-पास बैरिकेडिंग करना भी सुनिश्चित करें। मतदाताओं के आने-जाने के लिए समुचित रास्ता भी तैयार करें।*

### 21 से होगा 123 घंटे का अखंड महायज्ञ



*पूंडरी। कैथल रोड स्थित मां बगलामुखी धाम में 21 मार्च से 26 मार्च तक 123 घंटे का अखंड महायज्ञ एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में दूर-दराज से श्रद्धालु भाग लेकर मां बगलामुखी का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। मां बगलामुखी धाम के संस्थापक एवं अध्यक्ष आचार्य राजीव कौशिक ने बताया कि यह महायज्ञ मां बगलामुखी की कृपा प्राप्त करने और विश्व शांति की कामना के लिए आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यज्ञ में देश के विभिन्न स्थानों से विद्वान आचार्य और ब्राह्मण भाग लेकर वेद मंत्रों के साथ अनुष्ठान संपन्न करवाएंगे। आचार्य राजीव कौशिक ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 21 मार्च शनिवार को प्रातः 5:35 बजे ध्वजारोहण के साथ होगा। इसके बाद सुबह 6 बजे मां बगलामुखी की पूजा-अभिषेक किया जाएगा और सुबह 6:15 बजे यज्ञ प्रारंभ होगा। यह अखंड महायज्ञ लगातार 123 घंटे तक चलेगा। यज्ञ की पूर्णाहुति 26 मार्च गुरुवार को सुबह 9:15 बजे होगी। इसके बाद 9:30 बजे कन्या पूजन तथा 10 बजे गुरुजनों का पूजन किया जाएगा। वहीं 11 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।*

### जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

*राजौंद। राजकीय महाविद्यालय राजौंद में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए उपलब्ध वित्तीय सहायता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्यसे पीएम–विद्यालक्ष्मी योजना पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को योजना की विशेषताओं और लाभों की जानकारी देना था, ताकि कोई भी मेधावी विद्यार्थी आर्थिक कारणों से उच्च शिक्षा से वंचित न रहे। इस अवसर पर छात्रवृत्ति प्रभारी श्री राम मेहर सिंह ने विद्यार्थियों को योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत देश के शीर्ष 860 गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षण संस्थानों (एनाईआरएफ रैंकिंग) में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को बिना जमानत और बिना गारंटर के शिक्षा ऋण की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है, जिससे वे अपनी ट्यूशन फीस तथा अन्य शैक्षणिक खर्चों को पूरा कर सकते हैं।*



### सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य जांचा



*सीवन। स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत हरियाणा सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार नगर पालिका सीवन द्वारा शहर में कार्यरत सभी सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया गया। यह स्वास्थ्य जांच शिविर नगर पालिका सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर राजकीय अस्पताल सीवन में आयोजित किया गया, जहां चिकित्सकों की टीम ने कर्मचारियों के स्वास्थ्य की विस्तार से जांच की। नगर पालिका सचिव दीपक कुमार ने बताया कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने में सफाई कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। वे प्रतिदिन सुबह से लेकर देर शाम तक सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई करते हैं तथा कई बार कठिन परिस्थितियों में भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। ऐसे में उनके स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना नगर पालिका की प्राथमिकता है।*

### साफ-सफाई के प्रति किया जागरूक

*सीवन। स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के तहत नगर पालिका सीवन द्वारा शहर में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष जन जागरण अभियान चलाया। इस अभियान में नारी शक्ति की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। नगर पालिका की टीम ने शहर के विभिन्न आवासीय क्षेत्रों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और उन्हें अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान नगर पालिका की टीम ने घर-घर और दुकानों पर जाकर नागरिकों को बताया कि स्वच्छ वातावरण बनाए रखना केवल प्रशासन की ही नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि हर व्यक्ति अपने घर, गली और आसपास के क्षेत्र में सफाई का ध्यान रखे तथा कचरा इधर-उधर फेंकने के बजाय निर्धारित स्थान पर ही डाले, तो शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है।*



# कैथल पहुंची पूर्व सांसद की सद्भावना यात्रा के कुशल सारथी साबित हुए सुरेंद्र ढुल

**कैथल।** हरियाणा की राजनीति में इन दिनों पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भावना यात्रा चर्चा का विषय बनी हुई है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में विदेश मामलों के उपाध्यक्ष के रूप में पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने कांग्रेस महासचिव एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से प्रेरणा लेते हुए हरियाणा की 90 विधानसभा क्षेत्रों में सद्भावना यात्रा निकालने का संकल्प लिया। इसी क्रम में कैथल जिले की चारों विधानसभाओं—कैथल, गुहला, कलायत और पुंडरी में सात दिवसीय सद्भावना यात्रा आयोजित की गई, जिसने राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर व्यापक प्रभाव छोड़ा। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि इस यात्रा ने कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय करने के साथ-साथ बृजेंद्र सिंह की राजनीतिक सक्रियता को भी नई दिशा दी है।



कैथल। पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह का स्वागत करते सुरेंद्र ढुल। फाइल फोटो

### बड़े राजनीतिक आयोजनों को सफल बनाने में आमजन से जुड़ाव महत्वपूर्ण भूमिका : ढुल

वहीं जिला संयोजक सुरेंद्र ढुल ने अपनी संगठनात्मक क्षमता से यह साबित कर दिया कि बड़े राजनीतिक आयोजनों को सफल बनाने में उनका अनुभव और जमीनी स्तर पर आमजन से जुड़ाव महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इससे पहले भी सुरेंद्र ढुल कैथल जिले में बड़े-बड़े सामाजिक एवं राजनीतिक आयोजन कर चुके हैं। करीब सात दिनों तक चली इस यात्रा ने कैथल जिले के राजनीतिक वातावरण में नई हलचल पैदा कर दी। गांव-गांव में हुए संवाद कार्यक्रमों और सामाजिक संगठनों की भागीदारी ने इसे सिर्फ राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता का अभियान बना दिया।

**पत्रकार वार्ता** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश रच रहा विकास के नए कीर्तिमान

# प्रदेश आज विकास, सुशासन और पारदर्शिता के नए युग की ओर अग्रसरः हिमांशु गोयल

- राज्य सरकार जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समाज के हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है
- सरकार ने किसानों, युवाओं, महिलाओं और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



कैथल। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी हिमांशु गोयल पत्रकारों से बातचीत करते हुए।

भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं कैथल जिला मीडिया प्रभारी हिमांशु गोयल एडवोकेट ने कहा कि हरियाणा आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में विकास, सुशासन और पारदर्शिता के एक नए युग की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है। अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समाज के हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। हिमांशु गोयल ने सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए निम्नलिखित बातें कहीं: सर्वसमावेशी विकासः प्रदेश सरकार ने किसानों, युवाओं, महिलाओं और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। बुनियादी ढांचे में सुधारः शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और उद्योग के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्यों से प्रदेश की तस्वीर बदल रही है। पारदर्शी शासनः 'बिना पर्ची-बिना खर्ची' और जवाबदेही की नीति के कारण हरियाणा देश के अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान बना चुका है।

### विपक्ष की बयानबाजी पर पलटवार

विपक्षी दलों की बयानबाजी पर पलटवार करते हुए जिला मीडिया प्रभारी ने कहा कि प्रदेश में हो रहे चहुंमुखी विकास को देखकर विपक्ष पूरी तरह से बौखला गया है। उन्होंने कहाः विपक्षी दलों के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है, इसलिए वे बेबुनियाद आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने का असफल प्रयास कर रहे हैं। लेकिन हरियाणा की जागरूक जनता उनकी साजिशों को भली-भांति समझती है।/" हिमांशु गोयल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को विकास की नई दिशा देने के लिए बधाई देते हुए विश्वास जताया कि भाजपा सरकार के तहत ही प्रदेश का वास्तविक विकास संभव है। उन्होंने संकल्प दोहराया कि हरियाणा निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा और देश का सबसे अग्रणी राज्य बनेगा। साथ में चंदाना गेट मंडल उपाध्यक्ष अमित सेठ उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जन्मदिन पौधे लगाकर खुशियां मनाएगा हैबतपुर

**जींद।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनूठी मिसाल पेश करते हुए युवा मंडल हैबतपुर और राजकीय प्राथमिक पाठशाला हैबतपुर ने मिलकर एक सराहनीय मुहिम की शुरुआत की है। राजकीय प्राथमिक स्कूल की मुख्य अध्यापिका अनीता के संरक्षण में शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य बच्चों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी से जोड़ना है। बच्चे अपने जन्मदिन पर एक पौधा लगाएंगे ताकि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके।

### सावधान! अब आरटीओ चालान पर हो रही ठगी

**कैथल।** जिला पुलिस अधीक्षक कैथल उपासना ने आमजन को साइबर अपराध से सचेत करते हुए बताया कि साइबर ठगों ने अब ठगी का नया तरीका इजाद किया है। जालसाज खुद को आरटीओ अधिकारी बताकर लोगों को व्हाट्सऐप पर ट्रैफिक चालान के नाम पर एक एपीके फाइल भेज रहे हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति इस फाइल को डाउनलोड और ओपन करता है तो उसका मोबाइल फोन हैक हो जाता है, जिससे ठग बैंकिंग डिटेल्स, व्यक्तिगत जानकारियां और ओटीपी आदि तक पहुंच बना लेते हैं और आर्थिक नुकसान पहुंचाते हैं।

### 15 को होगा वैवाहिक परिचय सम्मेलन

**जींद।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने बताया कि अग्रवाल समाज के विवाह योग्य युवक व युवतियों के लिए 15 मार्च को करनाल के सेक्टर 8 स्थित अग्रसेन भवन में अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य समाज के युवाओं को एक सशक्त और विश्वसनीय मंच प्रदान करना हैए जहां वे अपने जीवनसाथी के चयन के लिए परिवारों के साथ परिचय स्थापित कर सकें।

### गांव बड़सीकरी खुर्द में हर घर गीता

**कलायत।** मां बगलामुखी मुख्य धारा समिति ने संस्कृति एवं प्रकृति के संरक्षण को लेकर अनोखी पहल की। इसके तहत कलायत के गांव बड़सीकरी खुर्द में हर घर गीता व भगवान श्री कृष्ण के जीवन से जुड़े रहे कदम पौधे को घर-घर पहुंचाने का अभियान शुरू हुआ है। मां बंगलामुखी संगठन सदस्य बलजीत बड़सीकरी ने बताया कि स्वामी ज्ञानानंद से प्रेरणा लेकर इस मुहिम की शुरूआत की गई है। इसमें गांव की 36 बिरादरी अपना योगदान देते हुए मिशन को गति देने में लगी है। जिस भी दिव्यांग को इलैक्ट्रोनिक स्कूटी की जरूरत है वे संस्था से संपर्क करें।

### इनेलो का 23 को होगा युवा शहीदी दिवसः माजरा

**कैथल।** इनेलो 23 मार्च को शहीदी दिवस पर नरवाना में युवा सम्मेलन का आयोजन होगा। इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ने सम्मेलन के लिए तैयारियां मजबूती से शुरू कर दी है। बैठकों के माध्यम से डयूटी लगाई जा रही है, शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव सिंह ने देश की आजादी में अहम योगदान दिया, इन्हीं युवाओं के कारण ही देश को आजादी मिली। युवा ही बदलाव ला सकते हैं।

---

### प्रत्येक ओपीडी में अनिवार्य रूप से एचआईवी फोरम रखें चिकित्सक

# नागरिक अस्पताल में ओपीडी से पहले मरीज का करवाएं एचआईवी टेस्टः नाको

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद




जींद। दंतक सर्जन रूम के बाहर ओपीडी के लिए बैठे मरीज। *फोटोः हरिभूमि*

- **चिकित्सकों को ओपीडी में रखना होगा एचआईवी फोरम**

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में मरीजों का इलाज करने वाले विशेषज्ञ चिकित्सकों और दंतक सर्जनों को एचसीवी, एचबीवी और एचआईवी टेस्ट करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (नाको) ने चिकित्सा अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि ओपीडी में आने वाले मरीज के टैस्ट जरूर करवाए जाएं। आदेशों पर कार्रवाई करते हुए प्रधान चिकित्सा अधिकारी कार्यालय द्वारा दंतक सर्जनों, विशेषज्ञ चिकित्सकों को आदेश दिया कि सभी टेस्ट रिपोर्ट करवाएंगे। इसके अलावा नाको टीम ने एक और महत्वपूर्ण निर्देश दिया है कि हर चिकित्सक को अपनी ओपीडी में एचआईवी फोरम रखना अनिवार्य होगा। इस फोरम के माध्यम से डॉक्टर मरीजों को एचआईवी से संबंधित जागरूकता, रोकथाम और उपचार की जानकारी देंगे।

#### स्वास्थ्यकर्मियों और मरीजों दोनों की सुरक्षा

यह कदम विशेष रूप से उन प्रक्रियाओं के लिए महत्वपूर्ण है जहां रक्त या बॉडी फ्लूइड्स का संपर्क हो सकता है। जैसे सर्जरी, डेंटल प्रक्रियाएं या अन्य इनवेसिव ट्रीटमेंट। नाको के दिशा-निर्देशों के अनुसार स्वास्थ्यकर्मियों और मरीजों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसे टेस्ट जरूरी हैं। इसके अलावाए अस्पताल की ओपीडी में एचआईवी फोरम रखेंगे। टेस्टिंग प्रोटोकॉल, काउंसलिंग और पॉजिटिव मामलों में गोपनीयता बनाए रखना बेहद जरूरी होगा।

#### *विशेषज्ञ चिकित्सकों, दंतक सर्जनों को निर्देश जारी किएः पीएमओ*

*नागरिक अस्पतला के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघूवीर पूनिया ने बताया कि एचआईवी, हेपेटाइटिस बी और सी जैसे रक्तजनित संक्रमणों को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों, दंतक सर्जनों को यह निर्देश जारी कर दिए गए हैं।*

#### प्रतिदिन होती है 1800 की ओपीडी

नागरिक अस्पताल की बात की जाए तो यहां प्रतिदिन ओसतन 1800 की ओपीडी होती है। सोमवार व मंगलवार को या छुट्टी से अगले दिन यह ओपीडी 2100 से अधिक तक पहुंच जाती है। ऐसे मे सबसे ज्यादा भीड़ विशेष चिकित्सकों व दंतक सर्जनों के पास रहती है। चिकित्सक जब सर्जरी करते हैं तो वो सीधा मरीज के टच में आते हैं। ऐसे में एड्स होने का खतरा रहता है। इसी खतरे को खत्म करने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों और दंत चिकित्सकों द्वारा इलाज शुरू करने से पहले मरीजों का एचसीवी (हैपेटाइटिस सी वायरस), एचबीवी (हैपेटाइटिस बी वायरस) और एचआईवी टेस्ट अनिवार्य रूप से करवाया जाएगा। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन ने अस्पताल के चिकित्सा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इन संक्रमणों की जांच पहले की जाए ताकि स्वास्थ्य सेवाओं के दौरान संभावित संक्रमण का खतरा कम हो सके।

---



**कैथल।** पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्णलाल पंवार कैथल में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ।

# प्रदेश के सभी गांवों को प्रदान की जा रही प्राथमिक सुविधाएं : पंवार

- केंद्र व प्रदेश सरकार की जनहितैषी नीतियों से भाजपा के प्रति लोगों में बढ़ रहा विश्वास

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्णलाल पंवार जिला भाजपा कार्यालय कपिल कमल कैथल पहुंचे। इस अवसर पर भाजपा कैथल जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने जिला भाजपा कैथल पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ माननीय मंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में गांव, गरीब और किसान के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रदेश के गांवों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने, स्वच्छता, पेयजल, सड़कों और सामुदायिक विकास के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार का लक्ष्य है कि हर गांव विकास की मुख्यधारा से जुड़कर आत्मनिर्भर और सशक्त बने। वहीं भाजपा कैथल जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने माननीय मंत्री का कैथल आगमन पर स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा संगठन निरंतर मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है और कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से संगठन को मजबूत करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनहितैषी नीतियों और विकास कार्यों से जनता का विश्वास लगातार भाजपा के प्रति बढ़ रहा है। इस अवसर पर कैथल भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा कैथल मुनीश कठवाड़, जिला महामंत्री सुरेश संधू व मुनीष शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा हिमांशु गोयल आदि उपस्थित थे।

#### आह्वान किया

मंत्री पंवार ने कहा कि भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ सुनिश्चित करें।

---

# मतदाता सूची पर बीएलओ की बैठक

- वर्ष 2002 व 2024 की मैपिंग प्रक्रिया पर प्रदान की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद



**जींद।** कर्मियों को संबोधित करते हुए वक्ता। *फोटोः हरिभूमि*

निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं उप मंडल अधिकारी जींद सत्यवान मान के निर्देशनुसार डीआरडीए हाल मे 36 जींद विधानसभा क्षेत्र में प्री विशेष गहन पुनरीक्षण गतिविधियों के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 36 जींद के निर्वाचन कानूनगो दीपांशु द्वारा उपस्थित सभी बीएलओ को मतदाता सूची वर्ष 2002 एवं 2024 की मैपिंग की प्रक्रिया तथा मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। बैठक के दौरान बीएलओ को प्री विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्हें मतदाता सूची को अधिक सुदृढ़, शुद्ध एवं अद्यतन बनाने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही बीएलओ को अपने-अपने मतदान क्षेत्रों में मतदाताओं से संपर्क बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर परं अतिरिक्त सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं जिला प्रोग्राम अधिकारी सीमा रोहिल्ला, सहायक प्रोफेसर मनोज कुमार, सहायक प्रोफेसर शिव कुमार आदि मौजूद रहे।

# आगजनी मृतकों के परिजनों से मिले गौतम

- अपने निजी कोष से दिए 20-20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद



**जींद।** मृतक परिवार को ढांढस बंधाते हुए सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम के सुपुत्र रजत गौतम। *फोटोः हरिभूमि*

सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम के सुपुत्र रजत गौतम ने गत दिनों सफीदों में हुई दुखद आगजनी की घटना में जान गंवाने वाली महिलाओं के परिजनों से मिल कर उन्हें सांत्वना दी और और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर प्रशासन की तरफ से उनके साथ एसडीएम पुलकित मल्होत्राए डीएसपी गौरव शर्मा ने ढांढस बंधाया। इससे पहले लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में एसडीएम पुलकित मल्होत्रा, डीएसपी गौरव शर्मा व रजत गौतम मीडिया से भी बातचीत की और सफीदों की फैक्टरी में हुई आगजनी के संबंध में जानकारी सांझा की। सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम के पुत्र रजत गौतम स्थानीय डिग्गी मौहल्ला में आगजनी की घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से मिलकर उन्हें मौके पर ही निजी कोष से 20-20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी।

#### आमजन से की अपील

एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि यदि उपमंडल के किसी भी क्षेत्र में अवैध रूप से कोई फैक्टरी, कारखाना या वर्कशॉप संचालित हो रहा हैए तो इसकी सूचना तुरंत एसडीएम कार्यालय सफीदों या संबंधित विभाग को दें।

#### दोषियों पर होगी कार्रवाई

उन्होंने परिजनों को विश्वास दिलाया कि घटना के कारणों की निष्पक्ष जांच करके दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रजत गौतम ने कहा कि वे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलकर घटना में मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता बढाने की अनुशंसा करेंगे ताकि प्रभावित परिवारों को इस कठिन समय में राहत मिल सके। इस अवसर पर एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि प्रशासन पीड़ित परिवारों के साथ है किसी भी परिवार को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। सभी शोक संतप्त परिवारों की हर संभव मदद की जाएगी।

---

# शिविर में एसडीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭गुहला-चीका



**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह लोगों की शिकायत सुनते हुए।

- **सप्ताह में दो बार आयोजित हो रहे हैं समाधान शिविर**

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि समाधान शिविर सरकार की एक अहम पहल है। ये शिविर आमजन की शिकायतों के त्वरित समाधान में काफी कारगर साबित हो रहे है। आम नागरिक इन शिविरों के आयोजन से काफी खुश है। सोमवार व वीरवार को आयोजित होने वाले इन शिविरों में लोग जहां अपनी शिकायतों व समस्याओं का समाधान मौके पर ही करवा रहे है, वहीं उन्हें सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्राप्त हो रही है। वीरवार को उपमंडल कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर के दौरान एसडीएम ने लोगों की शिकायतें व समस्याएं सूनी और मौके पर मौजूद अधिकारियों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

# लंबित मांगों पर डीइओ से मिले अध्यापक

- अध्यापकों के एसीपी, एलटीसी बिलों के निपटान पर हुई विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



**कैथल।** जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष कुमार अध्यापकों से बातचीत करते हुए।

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रधान रामफल दयोहरा की अगुवाई में जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष कुमार व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार से अध्यापकों के लम्बित मांग मुद्दों पर मीटिंग की। जिला सचिव अमरनाथ ने बताया कि मुख्य मांगो में सभी वर्गों के अध्यापकों के एसीपी, एलटीसी, मेडिकल प्रतिपूर्ति बिलों के निपटान करते हुए बजट जारी करने, मिड डे मील के तहत हरियाणा एग्रो द्वारा स्कूलों में वितरित की जा रही घटिया सामग्री पर विस्तार से बात हुई।

#### अधिकारियों के टालमटोल रवैया पर जताई आपत्ति

परंतु शीतकालीन छुट्टियों में लगाए गए एफएलएन सेमिनारों की एवज में प्रतिपूर्ति अवकाश हेतु जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के साथ पूर्व में बनी सहमति के विपरीत टालमटोल का रवैया रहा, जिस पर संगठन ने कड़ी आपत्ति जताई और अतिशीघ्र पत्र जारी करने बारे कहा गया।



# राज्यपाल असीम घोष के जन्मदिन पर 82 युवाओं ने किया रक्तदान

**जींद।** जिला रैडक्रॉस सचिव रामजी लाल ने बताया कि वीरवार को भारतीय राज्यपाल असीम कुमार घोष के 82वें जन्म दिवस पर मेरा संकल्प फाउंडेशन के सहयोग से नागरिक अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ प्रधान अजमेर लोहान ने किया और रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सचिव गोविंद, त्रिलोक सिंह, दुर्गेश, दीपक तथा जिला रेडक्रॉस सोसाइटी से दिनेश कुमार, जिला प्रशिक्षण अधिकारी सरोज उपस्थिति रही। इस रक्तदान शिविर में 82 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। अजमेर लोहान ने कहा कि रक्तदान एक महादान है, जिससे मुसीबत के समय पर रक्त उपलब्ध कराकर जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है।

---

# फसल खरीद को लेकर प्रबंध पुख्ता : अत्री

- हरियाणा देश का पहला प्रदेश जहां एमएसपी पर खरीदी जा रही है 24 फसलें

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना



**जींद।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि फसल की खरीद के पुख्ता प्रबंध है। किसान, आढ़तियों, मजदूरों को किसी तरह की परेशानी खरीद, उठान को लेकर नहीं आने दी जाएगी। परचेज सेंटरों, सब यार्ड, मंडी में सफाई, पीने के पानी, लाइटें सहित हर फसल खरीद संबंधित पुख्ता प्रबंध होंगे। अतिरिक्त मंडी में बीते सीजन में धर्मकांटा लगने से किसानों को फायदा हुआ है। हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी फसल लेकर आने वाले किसानों को यहां से दूर धर्मकांटे पर वाहन का तोल करवाने जाना पड़ता था। अब यहां धर्मकांटा होने से उन्हें फायदा हो रहा है। ये बात किसानों ने खुद आकर बताई है कि उन्हें धर्मकांटा लगने से फायदा हुआ है। वे अनाज मंडी स्थित मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा के प्रतिष्ठान पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में हरियाणा पहला ऐसा राज्य है जहां 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है। किसान हित में निरंतर सीएम सैनी कार्य कर रहे है। किसान के हितों में अगर किसी ने कार्य किया है तो वो पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल एवं सीएम नायब सिंह सैनी ने काम किया है। कांग्रेस ने सिर्फ किसानों के नाम पर राजनीति की कभी किसान हित में कुछ नहीं किया। चुनाव के समय किसान कांग्रेस को याद आते है।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर संदीप चहल, संजय चहल, सतीश जांगड़ा, सतपाल अत्री, हरिकेश चहल, शीशपाल बड़ौदा, प्रवीण गर्ग, नरेश सौंगरी, रामनिवास करसिंधु, ओमदत्त डाहोला, रोहताश खटकड़ मौजूद रहे। इससे पहले उचाना विश्राम गृह में जन समस्याओं को सुन उनका समाधान किया। विभिन्न गांव में कार्यकर्ताओं के यहां विवाह समारोह में भी विधायक पहुंचे।

---

### लघु सचिवालय में जनगणना कार्य को लेकर चार्ज ऑफिसर की दो दिवसीय वर्कशाप शुरू

# डिजिटल जनगणना प्रशिक्षण को गंभीरता से लें अधिकारी : उपायुक्त

प्रशिक्षण में पीपीटी के माध्यम से डिजिटल डाटा संकलन प्रणाली पर दी विस्तृत जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद




**जींद।** बैठक लेते हुए डीसी। *फोटोः हरिभूमि*

भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय द्वारा जनगणना 2027 के पहले चरण हाउस लिस्टिंग एंड हाउसिंग सेंसस को लेकर वीरवार को जिला सचिवालय सभागार में चार्ज सेंसस अधिकारियों, सेंसस क्लर्क और तकनीकी सहायकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आगामी जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए अधिकारियों को नई व्यवस्था और डिजिटल प्रणाली की जानकारी देना रहा। यह प्रशिक्षण 13 मार्च को भी आयोजित किया जाएगा। डीसी ने कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसके आधार पर विकास योजनाओं का निर्माण और संसाधनों का उचित वितरण सुनिश्चित किया जाता है।

#### जनगणना कार्य में पारदर्शिता होना जरूरी

उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य में सटीकता और पारदर्शिता बनाए रखना अत्यंत जरूरी है। इसके लिए अधिकारियों को क्षेत्र स्तर पर निरंतर निगरानी रखनी होगी और किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना को समाप्त करना होगा। कार्यशाला के दौरान पीपीटी के माध्यम से अधिकारियों को जनगणना 2027 की प्रक्रिया, डिजिटल डाटा संकलन प्रणाली, प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि तहसीलदार व नगर परिषद एवं नगर पालिका के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में जनगणना कार्य से जुड़े कर्मचारियों को समय रहते प्रशिक्षित करें और यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी डिजिटल एप्लिकेशन तथा निर्धारित प्रक्रिया से भलीभांति परिचित हो।